# नगर निगम भिलाई में 26 सितम्बर को फूड वेंडरो का कार्यशाला आयोजित

**भिलाईनगर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे स्तर पर खाद्य सामग्री बेचने वाले पथ विक्रेताओ को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देने नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 26.09.2025 को सुबह 10 बजे प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए शहर के इच्छुक स्ट्रीट फूड वेंडरों को आमंत्रित किया गया है। जो स्वयं का व्यवसाय खोलना चाहते है, उन्हे लाईसेंस बनाने में निगम भिलाई सहयोग करेगा। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर प्रशिक्षण में शामिल होकर लाभ उठावें।

